पार्किंग, सड़क के नियम और आप

सभी के लिए विक्टोरिया की सड़कों का सुरक्षापूर्वक और समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए पार्किंग और यातायात के कानून मौजूद हैं।

आपकी जिम्मेदारी

एक लाइसेंस-प्राप्त चालक के रूप में आपसे उम्मीद की जाती है कि आप सड़क के नियमों से अवगत रहें और हर समय इनका पालन करें। सड़क के नियमों का पालन न करने के कारण आपके लिए पार्किंग उल्लंघन जारी किया जा सकता है। यदि इस उल्लंघन का भुगतान न किया जाए, तो इसके परिणामस्वरूप सांविधिक शुल्क लागू हो सकता है और कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।

परिषद की जिम्मेदारी

हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि:

- पार्किंग के रिक्त स्थान समान रूप से समुदाय द्वारा साझा किए जाते हैं
- मोटर यातायात और पदयात्री आवागमन में बाधा या असुविधा नहीं होती है
- असुरक्षित पार्किंग के कारण पैदा होने वाले किसी भी खतरे को कम से कम किया जाता है

बहुत लंबे समय तक पार्किंग करना

किसी क्षेत्र में यथासंभव अधिक से अधिक लोगों को सुगमता प्रदान करने के उद्देश्य से पार्किंग के रिक्त स्थानों के लिए समय-सीमाएँ नियत की जाती हैं।

जहां सड़क की कुछ लंबाई या क्षेत्र के लिए पार्किंग नियंत्रण संकेत लागू होता है, वहां आपको अनुमत अवधि से अधिक समय के लिए लगातार रूप से पार्क नहीं करना चाहिए।

इस संकेत का अर्थ है कि आप स्कूल के दिनों में सुबह 8बजे से शाम 5बजे के बीच केवल 15 मिनटों के लिए ही पार्क कर सकते/सकती हैं।

सही तरीके से पार्किंग करना

आपको पार्किंग बे में चिह्नित रेखाओं के अंदर पार्किंग करनी होगी। कोई भी ड्राइवर साइकिल पथ, फुटपाथ, साझा पथ, विभाजन पट्टी, या किसी निर्मित क्षेत्र में सड़क की लंबाई से सटी प्रकृति पट्टी पर गाड़ी नहीं रोक सकता है, जब तक कि वहां अनुमेय संकेत प्रदर्शित न हो।

No Stopping का अर्थ है कि **बिल्कुल भी नहीं रोका जा सकता है।** इसका अर्थ है कि आप रोक नहीं सकते/सकती हैं, भले ही आप किसी को कार से बाहर निकलने के लिए रोक रहे हों और आप इंजन को चालू रखकर कार के अंदर ही बैठे रहें।

No stopping क्षेत्रों को कर्ब पर पीले रंग के निशानों से भी अंकित किया जा सकता है



डबल पार्किंग करना एक अपराध है।

दो-तरफा सड़क पर पार्किंग करते समय आपको सड़क की बाईं ओर पार्क करना होगा। आपके वाहन को यात्रा की दिशा में होना चाहिए, यानि: पैसेंजर साइड को कर्ब की ओर पार्क किया जाना चाहिए, न कि स्टीयरिंग व्हील साइड को। इसमें एक-तरफा सड़क के लिए अपवाद है।

ड्राइववे





ड्राइवरों को ड्राइववे के आर-पार पार्किंग नहीं करनी चाहिए तथा वाहन निकालने और अंदर ले जाने के लिए मार्ग को हमेशा अवरोधमुक्त रखना चाहिए।

ड्राइवरों को किसी विद्यार्थी को पिक-अप करने के लिए प्रतीक्षा या ड्रॉप-ऑफ करते समय ड्राइववे में पार्क नहीं करना चाहिए।

सुलभ पार्किंग

सुलभ पार्किंग स्थान का उपयोग केवल नीले-पर-सफेद रंग की विकलांगता पार्किंग परमिट वाले ड्राइवर अथवा किसी ऐसे ड्राइवर द्वारा किया जा सकता है, जो विकलांगता-ग्रस्त परमिटधारक को कार में बैठने या कार से बाहर निकलने के लिए कार की पार्किंग कर रहा हो। परमिटें केवल तभी मान्य होती हैं जब विकलांगता-ग्रस्त व्यक्ति वाहन में यात्रा कर रहा हो।

पुलिस या किसी पार्किंग अधिकारी द्वारा पूछे जाने पर ड्राइवर को अपना नाम व पता देना होगा और अपना ड्राइवर्स लाइसेंस व परमिट को प्रस्तुत करना होगा।

पार्किंग के लिए सुरक्षा सुझाव

यदि आप अपने बच्चों के स्कूल के आस-पास रोड या स्ट्रीट पर पार्किंग करते/करती हैं:

1. अपने बच्चे को सुरक्षापूर्वक स्कूल ले जाने के लिए पर्याप्त समय रखें। थोड़ी दूरी पर पार्किंग करके स्कूल पहुँचने के लिए कुछ दूर चलकर जाने के बारे में विचार करें।
2. यातायात नियंत्रण के सभी संकेतों और स्कूल क्रॉसिंग सुपरवाइज़रों के दिशानिर्देशों का पालन करें।
3. इस बारे में अपने बच्चे के साथ योजना बनाएँ कि उन्हें कब और कहां सुरक्षापूर्वक पिक-अप किया जा सकता है। कार से बाहर निकलकर सड़क पार करने के लिए सुरक्षित जगहों का पता लगाएं।

4. कभी भी अपने बच्चे को सड़क के पार से आवाज़ न दें। *आपके बच्चे के लिए सड़क के पार दौड़कर जाना खतरनाक होता है*

- ✓ हम अपनी सड़कों पर और स्कूल के आस-पास अपने बच्चों, अन्य पदयात्रियों और वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहते हैं।
- ✓ बच्चे संवेदनशील होते हैं और अक्सर आवेग में काम करते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि वयस्क उदाहरण प्रस्तुत करके नेतृत्व करें और सड़क पार करते समय अच्छी सड़क-सुरक्षा प्रथाएं नियत करें।
- ✓ कृपया अपने बच्चों और अपने बच्चों के सहपाठियों व दोस्तों की सुरक्षा के लिए इन नियमों का पालन करें
- ✓ यदि हरेक माता/पिता इन नियमों का पालन करेंगे, तो यह सभी स्कूली बच्चों के लिए सुरक्षित होगा